

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक146 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 13 फरवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

## पेंच नहर का निर्माणधीन कार्य नवंबर तक होगा पूर्ण - जलसंसाधन मंत्री

सिवनी विधानसभा के जनप्रतिनिधियों एवं कृषकों द्वारा परियोजना का विस्तार कर मांग किये गये ग्राम कलारबांकी, बजरवाडा, देवरी, भाजीपानी, लुंगसा, जोगीवाडा आदि विभिन्न ग्रामों के प्रगतिरत कार्यो को पूर्ण करने एवं सिंचाई की मांग की गयी है तथा मांग अनुसार निर्माण कार्य प्रगतिरत होना प्रतिवेदित है।

सिवनीः- सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा पेंच व्यपवर्तन परियोजना के विस्तारीकरण एवं खबासा चैक में परिवहन शुल्क वसूली से संबंधित प्रश्न विधानसभा में पूछे गये जिना उत्तर सिंचाई विभाग के मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं पविहन मंत्री उदय प्रताप सिंह दिया ।

सिचांई विभाग से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुये जलसंसाधन मंत्री ने बताया कि व्यपवर्तन परियोजना के निर्माण में एल.एन.टी. नाम की किसी भी ऐजेन्सी द्वारा कार्य नही किया गया है। अतः एल.एन.टी. द्वारा संचालन एवं रख-रखाव किये जाने का प्रश्न उपस्थित नही होता है। सिवनी विधानसभा के जनप्रतिनिधियों एवं कृषकों द्वारा परियोजना का विस्तार कर मांग किये गये ग्राम कलारबांकी, बजरवाडा, देवरी, भाजीपानी, लुंगसा, जोगीवाडा आदि विभिन्न ग्रामों के प्रगतिरत कार्यो को पूर्ण करने एवं सिंचाई की मांग की गयी है तथा मांग अनुसार निर्माण कार्य प्रगतिरत होना प्रतिवेदित है।

### किसानों को नहर सुधार कर सिंचाई सुविधा दी जायेगी

म.प्र. सोलहवीं विधानसभा के जारी द्वितीय सत्र में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा पेंच परियोजना निर्माण के संबंध में पूछे गये प्रश्न का उत्तर देते हुए जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आगे बताया कि नहर निर्माणाधीन कार्य नव बर 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। सिवनी जिले की सिंचाई हेतु प्रस्तावित बखारी शाखा नहर दिनांक 31/12/2017 को पूर्ण हो चुकी है, जिसका संचालन एवं रख-रखाव अवधि भी समाप्त हो चुकी है। बखारी शाखा नहर के अंतिम छोर तक सिंचाई सुविधा प्रदान की जाना प्रतिवेदित है। सिवनी शाखा नहर एवं सिवनी शाखा नहर की वितरिका डी.1, डी 2, डी 3 एवं डी 4 की खुदाई एवं स्टेउक्चर्स के कार्य अनुबंध क्रं. 1 डीएल/2013-14 दिनांक 03.05.2013 से चालू है तथा 47.31 किमी तक पूर्ण है एवं सिंचाई दी जा रही है। सिवनी शाखा नहर की वितरिका डी 1, डी 2 में टेल तक निर्माण कार्य पूर्ण है एवं सिचाई सुविधा दी जाना प्रतिवेदित है। सिवनी शाखा नहर की वितरिका डी 3 में 15 किमी तक पूर्ण है शेष कार्य प्रगतिरत है जिसे अे टू बर 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। वितरिका डी 4 का कार्य 12 किमी तक पूर्ण है और आगे कार्य होना प्रतिवेदित है। कार्य प्रगतिरत होने एवं अतिवृष्टि से हो रही टूट-फूट का समय पर सुधार कार्य कर कृषकों को सिचाई सुविधा प्रदान की जा रही है। निर्माण कार्य के दौरान पायी जा रही अनियमित्ता एवं विल ब आदि की जॉच संबंधि कार्यवाही प्रमुख अभियंता कार्यालय में प्रचलन में है।





## खवासा चैक पोस्ट में कोई अवैध वसूली नहीं होती - परिवहन मंत्री



विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा खबासा चेक पोस्ट में अवैध वसूली के संबंध में किये गये प्रश्न का उत्तर देते हुए परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि बैरियर चेकपोस्ट से गुजरने वाले वाहनों से विभाग द्वारा जीएसटी अधिनियम के तहत कोई शुल्क वसूल नही किया जाता है। परिवहन जॉच चौकी खबासा शासन द्वारा निर्मित एकीकृत जॉच चौकी होकर पूर्णतः क युटरीकृत टोल कांटो से युक्त जॉच चौकी पर मोटरयान अधिनियम 1988, केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989, म.प्र. मोटरयान नियम 1994, म.प्र. मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 में विहित प्रावधानों के अंतर्गत ही कार्यवाही की जाती है और कमी पाये जाने पर चालानी कार्यवाही कर संबंधित को उसकी पावती प्रदान की जाती है।

परिवहन चेक पोस्टों पर अवैध वसूली नही की जाती, प्रदेश के चैक पोस्टों पर प्रदेश में प्रचलित केन्द्र एवं राज्य सरकार के मोटरयान अधिनियमों एवं नियमों के अंतर्गत वाहनों के विधि स मत चैकिंग की जाती है। यहॉ विधि स मत कार्यवाही कर शास्ति अधिरोपण से ट्रान्सपोर्टेशन कॉस्ट का कोई संबंध परिलक्षित नही होता है तथा इससे संबंधित जानकारी विभाग में संधारित नही है परिवहन आयुक्त कार्यालय द्वारा दिनांक 27.12.2022 को परिवहन चैक पोस्टों के संबंध में तीन बिंदुओं पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए छः सदस्यी कमेंटी का गठन किया गया था। उक्त कमेंटी से प्राप्त प्रतिवेदन परीक्षणाधीन है।

## राकेश सनोडिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष निर्वाचित, कांग्रेस ने दी बधाई



### कांग्रेस ने कहा - भाजपा के षडयंत्रों का जनता ने दिया करारा जवाब

सिवनी यशोः- सत्य प्रताड़ित हो सकता है परास्त नही, जिसका जीता जागता उदाहरण जिला पंचायत सिवनी के उपाध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस उ मीदवार राकेश सनोडिया की जीत है। पूर्व में भाजपा के नेताओं द्वारा षडयंत्र पूर्वक पहले तो कांग्रेस द्वारा घोषित जिला पंचायत अध्यक्ष पद के उ मीदवार ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल का नामांकन निरस्त कराया, फिर उपाध्यक्ष बनने के बाद जिला पंचायत वार्ड क्रं. 01 का चुनाव शून्य करवाया गया। भाजपा द्वारा जिला पंचायत वार्ड क्रं. 01 से सदस्य का चुनाव जीतने हेतु अनेक हथकंडे अपनाये गये, उसके बाद भी इस क्षेत्र से पुनः कांग्रेस समर्थित उ मीदवार युवा नितिन डहेरिया को क्षेत्र की जनता ने अपना आर्शीवाद देकर भाजपा के मुंह पर करारा जवाब दिया।

भाजपा अपने षडयंत्र में हमेशा सफल नही हो सकती यो कि क्षेत्र की जनता का सहयोग कांग्रेस के साथ है। सरकारी तंत्र का उपयोग कर हर चुनाव को प्रभावित करने की भाजपा की मंशा कभी पूरी नही होगी।

राकेश सनोडिया के जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनने पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, लखनादौन विधायक योगेन्द्रसिंह बाबा, केवलारी विधायक ठा. रजनीशसिंह, बरघाट के पूर्व विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया, सिवनी विधानसभा प्रत्याशी रहें आनंद पंजवानी, चुनाव प्रभारी सूर्यनारायणसिंह बघेल, मुकेश जैन, संगठनमंत्री एड़ पंकज शर्मा, ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, प्रसन्नचंद मालू, अतुलचंद मालू, विष्णु करोसिया, इमरान पटेल, शफीक खान, टेकचंद बोपचे, विजय नाहटा, सुनील बघेल, संजय बघेल, ददुआ पटेल, श्रीमति डाली डागोर, राजिक अकील, राजेश मानाठाकुर, जितेन्द्र सनोडिया, राहुल पांडे, सुमित मिश्रा, नितिन शु ला, अभिमन्यु काकोडिया, टिकेन्द्र देशमुख, विवेक राय, जयप्रकाश परिहार, तबरेज अली, देवेन्द्र ठाकुर, मनोज राहंगडाले, राहुल उइके, शाहिद रानू, अतीक आलम, सतेन्द्र बघेल, मिर्जा फैसल बेग सहित समस्त कांग्रेस जनों ने बधाई दी।

## कृषि विभाग के अमले ने फसल नुकसानी का किया निरीक्षण

सिवनी यशोः- विगत 11 फरवरी को जिले के विभिन्न स्थानों हुई असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि को लेकर कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार वर्षा एवं ओला से प्रभावित ग्रामों में फसल क्षति, मकान क्षति, जनहानि, पशुहानि सहित अन्य प्रकार की क्षति की जानकारी संबंधित विभागों द्वारा संकलित की जा रही है। इसी परिपेक्ष्य में उपसंचालक कृषि एवं कृषि विभाग के अमले द्वारा ग्राम बगलई, ढोकररांजी, समनापुर, चंदनवाड़ा खुर्द, गोंडी हिनोतिया, थांवरी, हिनोतिया, सहजपुरी एवं कान्हीवाड़ा का निरीक्षण कर फसलों की स्थिति का अवलोकन किया गया।



## धान उपार्जन के भुगतान में लापरवाही पर अजीविका मिशन एवं नान प्रबंधक को नोटिस



सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 12 फरवरी को कले ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कले टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही साथ ही विकासखण्डस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

बैठक में कले टर श्री सिंघल ने सीएम हेल्पलाईन में दर्ज 100 दिवस से अधिक समय से लंबित विभागवार शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कार्यपालन यंत्री पीएचई, तहसीलदार घंसौर एवं केवलारी द्वारा शिकायतों पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही न करने से शिकायत का लंबित रहना पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह समय सीमा में दर्ज धान उपार्जन के भुगतान संबंधी प्रकरण में आपेक्षित कार्यवाही न करने को लेकर जिला प्रबंधक आजीविका मिशन तथा जिला प्रबंधक नान को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों 50 दिवस से अधिक समय से लंबित एवं जिलेवार रैंकिंग के लिए चयनित शिकायतों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कले टर श्री सिंघल ने आकस्मिक बारिश एवं ओला वृष्टि से हुई फसल नुकसानी के सदर्भ में सभी अनुविभागीय अधिकारी से चर्चा कर निर्देशित किया कि राजस्व, कृषि, उद्यानिकी विभाग का मैदानी अमला मौके में पहुंचकर नुकसानी का आकलन करें तथा संयुक्त रिपोर्ट प्रस्तुत कर आरबीसी 6-4 के प्रावधानुसार राहत प्रकरण तैयार किए जाएं। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व महाअभियान के दौरान अविवादित बटवारा, नामांतरण सहित सभी भू-राजस्व प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को लंबित गिरदावरी के प्रकरणों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कले टर श्री सिंघल ने सभी विभागीय अधिकारियों को उनके कार्यालय में लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों तथा रिक्त पदों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी तरह उपसंचालक कृषि से जिले में फसलों की स्थिति एवं खाद-बीज की उपलब्धता संबंधी जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि किसानों की की मांगानुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आगामी माह की आवश्यकता का आकलन कर पूर्व से भण्डारण सुनिश्चित किया जाए।

## 81 परीक्षा केन्द्रों में हायरसेकेण्डरी के छात्रों ने फिजि स का पेपर हल किया

सिवनी यशोः- जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल /हायर सेकेण्डरी मु य परीक्षा वर्ष 2024-24 अंतर्गत सोमवार 12 फरवरी 24 को हायरसेकेण्डरी विषय भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनिमल हस्बेंडरी, मिल्कट्रेड पोल्ट्रीफार्मिंग एण्ड फिसरीज, विज्ञान के तत्व की परीक्षा जिले के 81 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हुई। परीक्षा में कुल दर्ज 12467 परीक्षार्थियों में से 12303 उपस्थित एवं 164 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। नकल प्रकरण निरंक पाया गया। उक्त परीक्षा का जिलास्तरीय दल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संचालित पाई गई।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित

सिवनी यशोः- महिला एवं बाल विकास, परियोजना-कुरई अन्तर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु ग्राम-पाटन तथा आंगनवाड़ी सहायिका पद हेतु ग्राम-सतोषा, कुडवा एवं रमली के रिक्त पद पूर्ति हेतु 23 फरवरी 2024 तक, कार्यालयीन समय एवं दिवसों 11 बजे से सायं 04.30 बजे तक कार्यालय परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, परियोजना-कुरई में स्थानीय निवासी आवेदिकाओं से आवेदन आमंत्रित किये गये है।

## शोक संदेश

**अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड रहा है कि मेरी धर्मपत्नि श्रीमती चन्दा देवी सोनी का देवलोक गमन 31 जनवरी 2024 (बुधवार) को हो गया है, जिनकी आत्मशांति हेतु पुष्पांजलि कार्यक्रम - 13 फरवरी 2024 दिन मंगलवार सायं 4 बजे रखा गया है, अतः पधारकर ब्र हलीन आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करें।**

**कार्यक्रम स्थल**
**नर्मदा नर्सिंग होम के पास न्यु शुक्रवारी, सिवनी**
**मो 9630808090**

**शोकाकुल परिवार**
**महेश कुमार सोनी (पति)**
**योगमाया ज्योतिष अनुसंधान केन्द्र**
**पुत्र- अवनीश, आशीष, अरूणीश एवं समस्त परिवार**

## जबरन नॉलेज




## 14 फरवरी को ओडीओपी दिवस कार्यक्रम कंपनी गार्डन में

सिवनी यशोः- सहायक संचालक उद्यान सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि कले टर क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा 14 फरवरी 2024 को शासकीय प्रोजनी आर्चर्ड सिवनी (कंपनी गार्डन) में जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ÷ओडीओपी दिवस कार्यक्रम÷ का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रम में एक जिला एक उत्पाद अन्तर्गत सिवनी जिले हेतु चयनित फसल सीताफल एवं अन्य उत्पादों पर आधारित सूक्ष्म खाद्य उद्योग इकाई स्थापना से सबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी साथ ही खाद्य उद्योग इकाई स्थापना से संबंधित इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त किये जाएंगे।

उन्होंने बताया कि ओडीओपी दिवस कार्यक्रम में एक जिला एक उत्पाद को प्रमुखता प्रदान करते हुए विविध गतिविधियों का आयोजन तथा एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से सीताफल की तकनीकी खेती, प्रसंस्करण स भावनाओं एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित PMFME योजना की जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला में छोटे उद्यम लगाने जैसे पल्प, जूस, राईस मिल, दाल मिल, तेल मिल, सॉस, केचप, अचार, पापड, बडी, आटा चक्की, मसाला चक्की, आलू चिप्स, केला चिप्स, पेठा, स्नै स, बेकरी उत्पाद (केक, टोस्ट, ब्रेड, कूकीज, बिस्किट), नूडल्स, सेवई, दलिया, पॉपकॉन, डेयरी उत्पाद, शहद उत्पाद, गुड उत्पाद इत्यादि यूनिट लगाने की प्रक्रिया, PMFME योजना के अनुदान प्रावधान एवं आवेदन प्रक्रिया, उत्पाद की पैकेजिंग, मार्केटिंग एवं निर्यात कैसे करें आदि विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी जावेगी। कार्यशाला में नवीन उद्योग स्थापना हेतु जिला रिसोर्स पर्सन के माध्यम से योजना अंतर्गत निशुल्क पंजीयन किया जाएगा एवं 15 दिवस के भीतर पोर्टल पर आवेदन तथा विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर बैंक में प्रेषित कराने की भी कार्यवाही की जाएगी।

सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित PMFME योजना अन्तर्गत नवीन खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना एवं उन्नयन पर परियोजना लागत का 35प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रुपए अनुदान देय है। इसके अतिरिक्त पात्र इकाइयों को कृषि अधोसंरचना कोष अंतर्गत 7 वर्षो हेतु 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ भी देय होगा। वर्तमान में सिवनी जिले में PMFME योजना अंतर्गत 64 इकाईयों के बैंक ऋण स्वीकृत किये जा चुके है जिसमें से 41 इकाईयों की स्थापना हो चुकी है। अतः इच्छुक कृषक, उद्यमी, युवा बेरोजगार, कृषक उत्पादक संगठन, स्वसहायता समूह, सहकारिता समितियां इत्यादि अधिक से अधिक सं या में एक दिवसीय एक जिला एक उत्पाद दिवस कार्यशाला में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री मंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की जानकारी प्राप्त कर योजना में पंजीयन कराकर लाभ लेना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी हेतु जिला स्तर पर कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला सिवनी तथा विकास खंड स्तर पर कार्यालय वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी से संपर्क करें।

## नपा सिवनी ने 19, 11000 का कबाड बेचा





सिवनी यशोः- सिवनी नगर पालिका परिषद द्वारा निकाय की अनुपयोगी सामग्री कबाड़ की नीलामी की गयी जिसमें 49 फर्मो ने हिस्सा लिया। नगर पालिका परिषद के कबाड़ की उच्चतम बोली 19, 11000 रूपये प्राप्त हुई जिसे सिवनी की शफान ट्रेडिंग के कलीम खान द्वारा अपने नाम कराया गया ।

नपा से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिषद के साधारण स मेलन के प्रस्ताव क्रमांक 15 दिनांक 09 जनवरी 24 के निर्णय अनुसार निकाय की अनुपयोगी सामग्री को निकाय के पाँच सदस्यीय पार्षदों की समिति के समक्ष नीलामी किये जाने का निर्णय लिया गया था । स मेलन के निर्णय अनुसार 87 प्रकार की ऐसी अनुपयोगी सामग्रियों को नीलामी किया जाना सुनिश्चित हुआ था जिसकी सरकारी बोली 18, 74000 रूपये रखी गयी थी । सरकारी बोली के विरूद्ध नपा के कबाड़ की बोली 19, 11000 रूपये प्राप्त हुई ।

नीलामी कार्यवाही के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सफीक खान, सीएमओ आर के कुर्वेती सहित निकाय के पार्षदगण अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे । नपा दी गयी जानकारी में बताया कि दूसरे चरण की नीलामी की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जायेगी ।

# प्रधानमंत्री ने झाबुआ के जनजातीय महाकुंभ में किया 7550 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

– श्री नरेंद्र मोदी जी





**लूट और फूट ही कांग्रेस की ताकत है, इसी से उसे ऑ सीजन मिलती है**
**कांग्रेस ने आदिवासी क्षेत्रों के विकास की चिंता नहीं की, महलों की फिक्र करती रही**
**अब तो विपक्षी नेता भी यह मानने लगे हैं-अबकी बार, 400 पार**
**जनजातीय समाज का विकास और स मान मोदी की गारंटी है**
**23 में कांग्रेस की छुट्टी हुई थी, 24 में सफाया तय है**
**कांग्रेस पापों के दलदल में फंसी, जितने हाथ-पैर मारेगी उतनी ही धंसेगी**

झाबुआ। कांग्रेस के स्थानीय नेता भी अब यह कहने लगे हैं कि मोदी जी के खिलाफ प्रचार करने जाएं, तो किस मुंह से जाएं। कोई बड़ा नेता जि मेदारी उठाना नहीं चाहता। मध्यप्रदेश कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। वास्तव में कांग्रेस अपने अतीत के पापों के दलदल में फंस गई है। इससे निकलने के लिए वो जितने हाथ-पैर मार रही है, उतनी ही धंस रही है। अपनी हार सामने देखकर कांग्रेस और उसके साथी आखिरी दांव चल रहे हैं। इनकी दो ही ताकत हैं-ये सत्ता में रहने पर लूटते हैं और बाहर आकर फूट डालते हैं। ये लोग अब कुर्सी के लिए जाति, भाषा, क्षेत्र के नाम फूट डालने में जुट गए हैं। अगर लूट और फूट की ऑ सीजन बंद हो जाए, तो कांग्रेस का सियासी दम घुटने लगता है। देश और प्रदेश की जनता ने ये दोनों ही रास्ते बंद कर दिए हैं और देश कांग्रेस के मंसूबे सफल नहीं होने देगा। यह बात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने रविवार को झाबुआ में आयोजित जनजातीय महाकुंभ में संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या मामा विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की तथा 7550 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री जी ने इस दौरान रोड-शो कर जनता का अभिवादन किया और विभिन्न विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

**आदिवासियों से नफरत करती है कांग्रेस**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा कि कांग्रेस के मन में आदिवासियों के प्रति नफरत कूट-कूटकर भरी हुई है। कांग्रेस के लोग आदिवासी भाईयों से वोट मांगने तो आते हैं, लेकिन जब एक आदिवासी परिवार की महिला राष्ट्रपति के चुनाव में खड़ी हुई, तो कांग्रेस ने तरह-तरह के रोड़े अटकाए। कांग्रेस उनके सामने दीवार बनकर खड़ी हो गई थी। देश इसे भूला नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग चुनाव के समय आदिवासियों के लिए घोषणाएं तो करते हैं, लेकिन जब मोदी जी गरीबों के लिए, दलितों के लिए, आदिवासियों के लिए घर बनवाता है, तो कांग्रेस के लोग उसे गालियां देते हैं। श्री मोदी जी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने मध्यप्रदेश में 45 लाख परिवारों को पक्के मकान दिऐ हैं। 65 लाख घरों में नल कने शन दिए हैं। कांग्रेस के पास भी अवसर था, लेकिन इन्होंने ये लाभ जनता तक पहुंचने नहीं दिए। मध्यप्रदेश के लोग कांग्रेस के इन पापों को भूले नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हजारों गांवों को पानी पहुंचाने वाली तलवाड़ा जैसी परियोजना के लिए लोगों को दशकों तक इंतजार करना पड़ा। श्री मोदी जी ने कहा कि जनजातीय समाज का विकास और स मान मोदी जी की गारंटी है। इसके लिए हमारी सरकार ने जो प्रयास किए हैं, उनके परिणाम अब दिखने लगे हैं। जनजातीय युवाओं, महिलाओं, किसानों की पहचान बन रही है। उनके बनाए उत्पादों के लिए बड़ा बाजार उपलब्ध है और आदिवासी शिल्प उत्पादों की पहचान पूरी दुनिया में बन गई है। कांग्रेस ने जिन्हें पिछड़ा बताया था, आज उनका गौरव सारी दुनिया जान रही है। श्री मोदी जी ने कहा कि हमारी सरकार स्व सहायता समूहों को 15000 ड्रोन देगी और इन समूहों की बहनों को नमो ड्रोन दीदी बनाएगी। आने वाले समय में हमारी सरकार 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाऐगी, ये मोदी की गारंटी है।

**23 में कांग्रेस की छुट्टी हुई, 24 में सफाया तय है**

प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने कहा कि झाबुआ में इन दिनों भगोरिया की तैयारियां चल रही हैं और भगौरिया से पहले मुझे मध्यप्रदेश और इस अंचल को सैकड़ों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देने का सौभाग्य मिला है। हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है, जिनमें रेल परियोजनाएं भी शामिल हैं। आज ही दो लाख बहनों के खातों में आहार अनुदान योजना की 1500 रुपये अनुदान राशि डाली गई है। विकास के इतने सारे काम मध्यप्रदेश में हो रहे हैं। यहां डबल इंजन की सरकार डबल तेजी से काम कर रही है, जिसका श्रेय यहां की जनता को है और इसके लिए मैं जनता को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की जनता ने विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जो समर्थन दिया, आपने जो विश्वास दिखाया, उसके लिए मैं आपको फिर से ये गारंटी देता हूं कि हम आपके लिए दिन-रात काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने पिछले चुनाव में विपक्ष को जमीनी हकीकत का आईना दिखाया। ऐसा ही मिजाज देश के कोने-कोने में हैं। 2023 में तो कांग्रेस की छुट्टी हुई थी, लेकिन 2024 में उसका सफाया तय है।

**प्रचार के लिए नहीं, जनता का आभार जताने आया हूं**

श्री मोदी जी ने कहा कि मेरी यात्रा को लेकर खूब चर्चाएं हो रही हैं। कई लोग कह रहे हैं कि मोदी एमपी में झाबुआ से लोकसभा के चुनाव का आगाज करने आया है। लेकिन मोदी यहां प्रचार करने नहीं आया, मैं तो एक सेवक के तौर पर ईश्वर रूपी जनता का आभार जताने आया हूं। आपने विधानसभा चुनाव में ही अपना मूड बता दिया है कि लोकसभा चुनाव में आप या करने जा रहे हैं। श्री मोदी जी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकारों के प्रति जनता का समर्थन बढ़ रहा है। इसलिए अब विपक्षी नेता भी यह स्वीकार करने लगे हैं कि '24 में 400 पार' और 'फिर एक बार-मोदी सरकार'।

**हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाएं, भाजपा की सीटें बढ़ जाएंगी**

श्री मोदी जी ने कहा कि 24 में 400 पार के साथ ही मैं यह भी सुन रहा हूं कि अकेली भाजपा 370 से अधिक सीटें जीतेगी, लेकिन आप ये कैसे करेंगे? इसके लिए मैं आपको एक बूटी देता हूं। आप अपने बूथ के पिछले तीन चुनावों के रिजल्ट निकालें और ये देखें कि भाजपा को सबसे ज्यादा वोट कब और कितने मिले थे। उस सं या को लिख लें। लोकसभा चुनाव में आप उसमें 370 वोट और जोड़ने का प्रयास करें। इसके लिए मतदाताओं के पास जाएं, उन्हें सरकार के काम बताएं और ये विश्वास दिलाएं कि जो काम अभी रह गए हैं, वो भी आगे हो जाएंगे। अगर आप हर बूथ पर 370 नए वोट जोड़ने में सफल हो जाते हैं, तो भाजपा का 370 पार होना पक्का है।

**कांग्रेस ने न विकास की चिंता की, न समाज के लिए सोचा**

प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने कहा कि मध्यप्रदेश ने अलग-अलग दौर देखे हैं। एक आज का डबल इंजन वाली सरकार का दौर है और दूसरा दौर था कांग्रेस का काला काल। उस समय मध्यप्रदेश बीमारू राज्य था और उसकी वजह थी गांव, गरीब, आदिवासियों के प्रति कांग्रेस की नफरत। कांग्रेस की सरकारों ने न विकास की चिंता की, न समाज के लिए सोचा। उनके लिए आदिवासी सिर्फ वोटबैंक होते थे, जिनकी याद उन्हें चुनाव के समय ही आती थी। देश में पहली बार स्व. अटलजी की सरकार ने अलग से जनजातीय मंत्रालय बनाया और बजट दिया। भाजपा की सरकार ने 90 वनोपजों के लिए एमएसपी घोषित की। उन्होंने कहा कि हमारे लिए आदिवासी वोट बैंक नहीं, बल्कि देश के गौरव और उज्ज्वल भविष्य की गारंटी हैं। इसीलिए हमने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया और क्रांतिसूर्य टंट्या मामा के नाम पर यूनिवर्सिटी स्थापित की जा रही है। आदिवासी बच्चों को पढ़ाई के लिए मीलों पैदल न चलना पड़े, इसके लिए भाजपा की सरकार ने बीते 10 सालों में कांग्रेस की तुलना में चार गुना ज्यादा एकलव्य आवासीय स्कूल खोले। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि जनजातीय भाईयों की रोजी-रोटी वनोपज पर आधारित रही है, लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने इस पर पहरे लगा दिए थे। हमारी सरकार ने आदिवासियों को उनके अधिकार लौटाए। श्री मोदी जी ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया बच्चों की जान ले रहा था, लेकिन कांग्रेस ने इसकी चिंता नहीं की। लेकिन हमारे लिए आपकी जिंदगी मायने रखती है। हमने सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ अभियान शुरू किया। ये नीयत का फर्क है।

**वंचित और पिछड़े हमारी सरकार की प्राथमिकता**

श्री मोदी जी ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने वर्षों तक जिन क्षेत्रों, जिन गांवों को विकास से दूर रखा, उनमें कौन रहता था? उनमें रहने वाले हमारे गरीब, वंचित और पिछड़े लोग ही थे। लेकिन हमारे लिए जो वंचित हैं, जो सबसे पिछड़े हैं, वो ही पहली प्राथमिकता हैं। हमारी सरकार आखिरी पायदान के लोगों को विकास में पहला दर्जा देती है। उनके लिए योजनाएं लागू कर रही है। सबसे पिछड़े लोगों के लिए हमारी सरकार ने पीएम जनमन योजना शुरू की है, जिससे उनका तेजी से विकास हो रहा है। पिछड़े इलाकों में हजारों करोड़ के काम कराए जा रहे हैं।

**महलों की चिंता करती रही कांग्रेस**

श्री मोदी जी ने कहा कि हमारी सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों पर विशेष ध्यान दे रही है। कांग्रेस की सरकार ने मध्यप्रदेश को रेल सुविधाओं के लिए 10 सालों में जितना पैसा दिया था, उससे 24 गुना ज्यादा पैसा हमारी सरकार ने दिया है। आज भी 3500 करोड़ की रेल परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। हर से टर में विकास के लिए हाथ खोलकर पैसा दिया जा रहा है। श्री मोदी जी ने कहा कि कांग्रेस ने जनजातीय बहुल इलाकों को सुविधाओं से वंचित रखा, योंकि उन्हें इन क्षेत्रों की फिक्र नहीं थी, वो तो महलों की चिंता में लगे रहते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की उपेक्षा ने देश-प्रदेश का जो नुकसान किया है, उसके गड्ढे भरने के लिए हमारी सरकार लगातार मेहनत कर रही है।

**प्रधानमंत्री जी की सौगातों से मध्यप्रदेश का होगा चहुंमुखी विकास -डॉ. मोहन यादव**

प्रदेश के मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स मेलन को स बोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को सुनने गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्यप्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों से आए सभी भाई-बहनों का स्वागत करता हूँ। मंच पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आना हम सबके लिए नहीं पूरे देश के जनजातीय भाई-बहनों के लिए सौभाग्य की बात है। आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 7550 करोड़ की 22 विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। यह परियोजनाएं प्रदेश की दिशा और दशा बदलने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि खरगोन में क्रांतिवीर टंट्या मामा के नाम से विश्वविद्यालय चालू हो रहा है और इसी सत्र से पाठ्यक्रम शुरू हो जाएंगे, इसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। प्रधानमंत्री जी ने प्रदेश को अनेकों सौगातें दी हैं इसके लिए हम प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

स मेलन को केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री समीर उरांव, जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री कलसिंह भाबर ने भी संबोधित किया। संचालन अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने किया। इस दौरान मंच पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, केन्द्रीय मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, पूर्व मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान, प्रदेश शासन के मंत्री श्री विजय शाह, श्रीमती निर्मला भूरिया, श्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद श्री जीएस डामोर उपस्थित थे। स मेलन में मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात जनजातीय बंधु उपस्थित थे।

## उमरिया में कोहरे का कहर, दो कार आपस में टकराई, पहाड़ के नीचे गिरी



उमरिया। उमरिया जिले में रविवार से मौसम ने मिजाज बदला और सोमवार को सुबह कोहरा छाया रहा। कोहरा इतना घना था कि एक बड़ा ऐ सीडेंट भी हुआ है। दो कारें आपस में टकरा गई। इसमें एक कार पहाड़ के नीचे गिरी और उसे बहुत नुकसान पहुंचा है।

मिली जानकारी के अनुसार उमरिया जिले के पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत घुनघुटी से बड़ी तु मी जा रहे एक कार ने दूसरी को जोरदार टक्कर मार दी। इसकी वजह से कई लोगों के घायल होने की सूचना है। हादसे में चार लोगों का इलाज शहडोल अस्पताल में चल रहा है। यह घटना रात करीब 8-50 की है। जानकारी लगते ही अफरा-तफरी का माहौल देखा गया।

**जनजीवन प्रभावित**

उमरिया जिले में बदलते मौसम ने जनजीवन को प्रभावित किया है। कभी तेज धूप खिलती है तो कभी दिनभर सूर्यदेवता दर्शन नहीं देते। सोमवार को सुबह विजिबिलिटी भी काफी कम रही।

## लाडली बहना के कारण स्कॉलरशिप सहित कई योजनाओं की फंडिंग बंद




भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने एंटी इनक बेंसी के बावजूद विधानसभा चुनाव जीतने के लिए लाडली बहना योजना की शुरुआत की थी। 3 लाख करोड़ का लोन होने के कारण सरकारी खजाने में लाडली बहना योजना के लिए पैसा ही नहीं था। अब स्थिति यह बन गई है कि, दूसरी कई योजनाओं के फंड में कटौती करके अथवा उनका फंड पूरी तरीके से बंद करके लाडली बहना योजना के तहत हर महीने पेमेंट किया जा रहा है।

**लाडली बहना के बच्चों को स्कॉलरशिप नहीं दी**

एक ताजा रिपोर्ट ने बताया है कि मध्य प्रदेश के 6 लाख ओबीसी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप का भुगतान नहीं किया गया है। यह रकम 482 करोड रुपए है जो पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के तहत दी जानी थी। इसके अलावा इंजीनियरिंग वाली स्कॉलरशिप, मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए दी जाने वाली स्कॉलरशिप सहित कई प्रकार के फंड रोक दिए गए हैं जिनसे स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के काम किए जाने थे। कुल मिलाकर सरकार लाडली बहना के बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर जो पैसा खर्च करती थी अब वही पैसा, लाडली बहना योजना के तहत बच्चों की मां को दिया जा रहा है। एक बच्चे की स्कॉलरशिप से दर्जनों और कभी-कभी तो सैकड़ो लाडली बहना पेमेंट किया जाता है।

**विभागीय बजट का 45त्न काटकर लाडली बहना को बांट दिया**

मध्य प्रदेश शासन पिछला वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि, उनके विभाग का टोटल बजट 900 करोड रुपए था। इसमें से अभी तक केवल 500 करोड रुपए खर्च हुआ है। विभागीय बजट में 400 करोड रुपए बाकी है, लेकिन वित्त विभाग फंड ट्रांसफर नहीं कर रहा है। प्रावधान होने के बावजूद पेमेंट नहीं कर पा रहे हैं। विभागीय बजट में लगभग 45त्न की कटौती हो गई है।

## बागेश्वर धाम में 151 जोड़ों के होंगे विवाह, चयनित हुई कन्यायें

भोपाल। पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी 8 मार्च महाशिवरात्रि को 151 गरीब कन्याओं के विवाह का महामहोत्सव आयोजित किया जा रहा है। आयोजन की श्रंखला में 14 फरवरी से 20 फरवरी तक महाराजश्री के मुखारविंद से कथा रसपान करने का भक्तों को अवसर मिलेगा। वहीं जाने-माने राष्ट्रीय कवि एवं कथावाचक डॉ. कुमार विश्वास अपने-अपने राम थीम पर 27 से 29 फरवरी तक कथा करेंगे।

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पूज्य महाराज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि 14 से 20 फरवरी तक धाम में कथा होगी। 27 से 29 फरवरी तक डॉ. कुमार विश्वास की कथा शाम 4 से 7 बजे तक होगी। महाराजश्री ने बताया कि 1 मार्च से 7 मार्च तक प्र यात कथा वाचक इन्द्रेश जी महाराज की श्रीमद्भागवत कथा आयोजित होने जा रही है। देश विदेश से जुड़े बागेश्वर धाम बगिया के पुष्प इन धार्मिक आयोजनों और विवाह महामहोत्सव के साक्षी बनेंगे।

## पुलिस का कॉल आते ही ऑटो चालक पहुंचा थाने, लौटाया मुंबई के श्रद्धालु का बैग

उज्जैन। मुंबई के अंधेरी से त्रिशुल पिता गोपाल सोनी महाकाल दर्शन करने के लिये ट्रेन से उज्जैन पहुंचे थे। स्टेशन से ऑटो में सवार होने के बाद मंदिर के लिये रवाना हुए। उनकी बेटी से मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। चारधाम पहुंचने के बाद चालक ने उन्हें ऑटो से उतार दिया और मंदिर का रास्ता बताकर लौट गया, तभी सोनी परिवार को बैग ऑटो में छूटने का अहसास हुआ। जिसके बाद वह महाकाल थाने पहुंचे और पुलिस को शिकायत की, लेकिन ऑटो का नंबर याद नहीं होने पर पुलिस तत्काल तलाश करने में असमर्थ दिखाई दी। तभी सोनी परिवार की बेटी ने बताया कि उसने ऑटो में बैठकर मोबाइल से वीडियो बनाया था, जिस रोड से वह आये थे। पुलिस ने वीडियो देखा, जिसमें आटो के कांच पर लगा यूनिक नंबर 1704 दिखाई दिया।

## पूज्य सर संघचालक मोहन भागवत ने किया अंचल के संतों का स मान

### संतों ने सनातन संस्कृति को लेकर संघ के सर संघ चालक से की विस्तार से चर्चा

मोहन भागवत जी

मुरैना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्तीय कार्यकर्ता स मेलन के आज दूसरे दिन परम पूज्य सर संघचालक मोहन भागवत जी ने अंचल के प्रमुख 5 संतों का स मान कर उनसे भेंट वार्ता की। इन सभी संतों ने सनातन संस्कृति को वैश्विक संस्कृति बनाने पर चर्चा की।

चर्चा के दौरान संघ प्रमुख ने कहा कि संत कभी सुप्त नहीं होते, बल्कि समय समय पर प्रकट होकर समाज का मार्गदर्शन करते हैं। संतों से चर्चा के दौरान यह भी सामने आया कि हिन्दू समाज जब तक विभिन्न जाति एवं वर्गों में बंटा रहेगा तब तक देश शक्तिशाली नहीं बनेगा।

संघ के सर संघ चालक ने संतों से चर्चा के दौरान समाज को साथ लेकर विश्व गुरु बनाने की बोर आगे बढ़ने पर बल दिया। आज के वर्तमान समय में संघ समाज में सद्भाव और स्नेह के साथ मिलकर काम करने देश को सनातन संस्कृति को आगे रखते हुए दुनिया में आगे ले जाने वाले हैं। जरेरूआ सरकार हरिदास महाराज, दंदरौआ धाम के महंत रामदास जी महाराज, पीता बरा पीठ दतिया के मु य महंत विष्णुकांत जी मुडिया , करह आश्रम के महंत दीनबंधु महाराज, महाशुख का पुरा अ बाह के प्रसिद्ध संत ऋषिजी महाराज ने संघ प्रमुख के साथ विस्तार से चर्चा की और सनातन संस्कृति को आगे ले जाने पर अपने विचार रखे।

सभी संतों ने कार्यक्रम स्थल पर बने हुए सभी नगर और प्रदर्शनी का भ्रमण कर अवलोकन किया संघ के विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शॉल और श्रीफल भेंट कर सभी संतों का स मान किया इस दौरान उनके साथ क्षेत्र संघचालक, प्रांत संघचालक, प्रांत संपर्क प्रमुख उपस्थित रहे।

## पं. उपाध्याय ने अपने जीवन को यज्ञ की आहुति मे समर्पित कर भारतीय संस्कृति की पताका विश्व में फहराई – मु यमंत्री डॉ. यादव

**मु यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की**
**हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी आज झाबुआ पधार रहे**
**मु यमंत्री डॉ. यादव ने लालघाटी स्थित पं.उपाध्याय की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**



भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए विशेष है। आज पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि है, जिन्होंने जनसंघ की स्थापना से लेकर अंतिम सांस तक, अपने जीवन को यज्ञ में आहुति की तरह समर्पित करते हुए देश ही नहीं पूरी दुनिया में भारतीय संस्कृति की पताका फहराई और राजनीति का एक बड़ा दर्शन दिया। इस दर्शन को विश्व, एकात्मक मानव दर्शन के रूप में जानता है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में बदलाव आये, उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों और उनका जीवन सफल हो ऐसे हर संभव प्रयास करना इस दर्शन का मूल भाव है। सभी के कल्याण के सुंदर विचार लेकर जिन्होंने राजनीतिक यात्रा का नेतृत्व किया ऐसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में समर्पण दिवस का आयोजन हम सबको गौरान्वित करने वाला है। डॉ. यादव ने संगठन द्वारा आरंभ आजीवन सहयोग निधि संग्रहण में अपना योगदान भी दिया।

**विकास और जनकल्याण के लिए राज्य सरकार केन्द्र के साथ डबल इंजन की तरह चलने को तत्पर**

डॉ. यादव ने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि आज झाबुआ में यशस्वी प्रधानमंत्री, वैश्विक नेता तथा सर्वाधिक लोकप्रिय श्री नरेंद्र मोदी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर प्रदेश के पिछड़े क्षेत्र व आदिवासी अंचल झाबुआ पधार रहे हैं। श्री मोदी का मानना है कि पिछड़े से पिछड़े व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए उनके पास जाना होगा। आज झाबुआ में जनजातीय बंधुओं के बड़े कुंभ का आयोजन है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जीवन के सभी क्षेत्रों में विकास की जो कल्पना की है, वह धार-झाबुआ में भी वह सार्थक हो रही है, यह हम सबका सौभाग्य है धार-झाबुआ को तीन-तीन राजमार्ग मिले हैं, यह क्षेत्र सुपर ऐ सप्रेस-वे के केन्द्र में रहेगा जहां से दिल्ली-मुंबई एक समान दूरी पर होगा। सभी क्षेत्रों को सड़क, हवाई यात्रा आदि की सुविधा समान रूप से मिले, यह प्रधानमंत्री श्री मोदी का विजन है, और हम इस विजन को लेकर केंद्र सरकार के साथ डबल इंजन की तरह चलने को तत्पर हैं।

डॉ. यादव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से यही प्रार्थना है कि भारतीय संस्कृति की पताका संपूर्ण विश्व में फैले। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा पूर्व महापौर श्री आलोक शर्मा तथा श्री सुमित पचौरी सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एंबुलेंस न मिलने पर बैलगाड़ी से अस्पताल पहुंचा मरीज




नर्मदापुरम । सरकार कितना भी दावा कर ले, लेकिन हेल्थ सिस्टम सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश में आए दिन एंबुलेंस नहीं मिलने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। कॉल करने के बावजूद भी एंबुलेस के ना पहुंचने की बात सामने आती रहती है। कहीं रोड की वजह से तो कहीं कुछ वजहों से एबुंलेस नहीं पहुंच पाती है। जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसी ही एक घटना भोपाल के नर्मदापुरम में हुई है। जिसमें परिजन मरीज को बैलगाड़ी से अस्पताल लेकर पहुंचे हैं।

दरअसल, मध्य प्रदेश सरकार की 108 एंबुलेंस सेवा का लाभ गांव के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। नर्मदापुरम के भीमुपर ब्लॉक के मेहरपुर गांव एक व्यक्ति की तबियत बिगड़ गई। परिजनों ने 108 एंबुलेस को कॉल किया तो ड्राइवर खाना खाने गया था। जिससे एंबुलेंस नहीं पहुंच पाई। मरीज को एंबुलेंस ना मिलने पर परिजन उसको बैलगाड़ी पर बैठाकर अस्पताल पहुंचाना पड़ा। जानकारी के मुताबिक मेहरपुर गांव के जीरू सिंग धुर्वे पिता कोवा धुर्वे की तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों ने 108 एंबुलेंस पर कॉल किया, लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंच पाई तो पत्नी ने बेटे के साथ पति को बैलगाड़ी पर लेटाया और दोनों अस्पताल पहुंच गए।

गौरतलब है कि एमपी सरकार प्रदेश के स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुधारने का दावा करती है। सरकार की 108 एंबुलेंस सेवा गांवों तक पहुंचने में अभी पूरी तरह सफल नहीं हो पाई है। जिससे गांव के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी घटनाएं आए दिन देखने को मिलती हैं।

यशोन्नति



# हायरसेकेण्डरी मु य परीक्षा जिले के 81 केन्द्रो में आयोजित की गई

सिवनी यशोः- माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल/हायरसेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2023-24 की परीक्षा जिले के 84 परीक्षा केन्द्रों में दिनांक 05.02.2024 से 05.03.2024 तक समय प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक आयोजित है। जिसमें दिनांक 12.02.2024 को हायरसेकेण्डरी विषय-भौतिकशास्त्र,अर्थशास्त्र,एनिमल हस्बेंण्ड्री मिल्कटेउ्ड पोल्ट्रीफार्मिंग एण्ड फिसरीज,विज्ञान के तत्व जिले के 81 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई, जिसमें कुल परीक्षार्थी दर्ज-12467, उपस्थित-12303, अनुपस्थित-164, नकल प्रकरण निरंक पाया गया।

जिलास्तरीय दल जिसमें श्री एस.एस.कुमरे, जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी, श्री आर.पी.पाटिल,सहायक संचालक, श्री विपनेश जैन, ए.डी.पी.सी., श्रीमति सुनीता ओसवाल प्राचार्य, श्रीमति रश्मि पाण्डे उ.मा.शि,श्रीमति कल्पना भार्गव,श्री सुनील राय,उ.मा.शि.श्री सुनील तिवारी,मा.शि. के द्वारा शास.उ.मा.वि.गोरखपुर, शास.उ.मा.वि.शिकारा,बरोदामाल, शास.उ.मा.वि.मेहता,शास.उ.मा.वि.कुड़ारी, शास.उ.मा.वि.सुनवारा शास.हाईस्कूल क.खैरापलारी, का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारु रुप से संचालित पाई गई।

## तेज आवाज में बज रहे डीजे को जब्त किया

सिवनी यशोः- सिवनी जिले की लखनादौन पुलिस ने शनिवार रात करीब 12 बजे पेट्रोलिंग के दौरान सात फेरे लॉन में तेज आवाज में बज रहे डीजे को जब्त किया है। लखनादौन थाना प्रभारी केपी धुर्वे ने बताया कि पूर्व में डीजे और लॉन संचालकों को नोटिस जारी कर हिदायत दी गई थी कि बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र और डीजे नहीं बजाए। इसके बावजूद शनिवार को वार्ड नंबर 11 में डीजे संचालक राकेश प्रसाद गोल्हानी बिना अनुमति के तीव्र गति से डीजे बजा जा रहा था। इसके बाद मौके से डीजे मशीन और चार बे से जब्त कर धारा 7/15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान में बोर्ड की परीक्षा चल रही। जिसको देखते हुए अनुमति लेने के बाद समय सीमा तक निश्चित ध्वनि पर डीजे बजाने का नियम है। इसके बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरत रहे हैं, जिनकी शिकायत मिलने के बाद आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

# गौवंश तस्करी करने वालो पर पुलिस की स त कार्यवाही



सिवनी यशो :-सिवनी कोतवाली पुलिस की गौवंश तस्करो पर एक ह ते में तीसरी बड़ी कार्यवाही करते हुये एक बड़े कंटेनर में परिवहन किये जा रहे 68 गौवंश को गौवंश तस्करों से मुक्त कराया और गौवंश तस्करी करते हुये अज्ञात आरोपी ली जा रहे थे जो गौवंश पकड़ते समय रात्रि के समय अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गये ।

पुलिस अधीक्षक सिवनी राकेश कुमार सिंह के द्वारा गौ तस्करो पर स ती से कार्यवाही हेतु लगातार निर्देश है इसी तारत य में पूर्व में सिवनी के कई थानो लगातार कार्यवाही की जाती रही है साथ ही कोतवाली थाने से पूर्व में दिनांक 06.02.2024 को 43 नग गौवंश मुक्त कराकर 02 गौवंश तस्करो पर कार्यवाही की गई, दिनांक 09.02.2024 को 56 नग पड़ों को मुक्त कराकर संबंधित 04 आरोपीयों पर कार्यवाही की गई। इसी तारत य में दिनांक 12.02.2024 को रात्री में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक गौवंश से भरा कंटेनर ट्रक वाहन लखनादौन तरफ से बहुत हीं रूरता से गौवंश को भरकर नागपुर कत्लखाने ले जा रहे है जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा एंव अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पुरूषोत्तम मरावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी के नेतृत्व मे टीम का गठन कर छिन्दवाड़ा ब्रिज के पास जाम लगाकर संबंधित वाहन को रोका गया, वाहन से चालक समेत अन्य आरोपी रात्री में अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। वाहन में 68 मवेशी पाये गये जिन्हे सुरक्षार्थ दयोदया गौशाला बीन्झावाड़ा में सुपुर्द किया गया। आरोपीयों के विरूद्ध थाना कोतवाली में पशु रूरता एवं मोटर व्हीकल ऐ ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने मवेशी 68, एक कन्टेनर ट्रक क्र. NL01-AH-44681 को जप्त किया है ।

इस कार्य में नगर निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि, जयदीप सेंगर, प्र. आर. 406 रामअवतार डेहरिया, आर. 498 राजकुमार साहू, आर. 247 ईरफान, आर. 357 धनराज वरकड़े, आर. 71 सतीश इनवाती आर. 753 महेन्द्र पटेल, आर. 729 अजय धुर्वे, आर. 131 मुकेश चौरसिया, आर. 343 अभिषेक, आर. 624 विक्रम एवं 100 डायल चालक ज्योतिष मर्सकोले की भूमिका सराहनीय रही ।

# किसान भाई फसलों का पंजीयन समयावधि में करायें - कृषि मंत्री

## पोर्टल पर चना, मसूर एवं सरसों का पंजीयन 20 फरवरी से

भोपाल । किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने चना, मसूर एवं सरसों उत्पादक किसान भाईयों से अपील की है कि वे उपज के उपार्जन के लिये ई-उपार्जन पोर्टल पर अपना पंजीयन जरूर कर लें। उन्होंने बताया है कि रबी वर्ष 2023-24 (विपणन वर्ष 2024-25) में ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 फरवरी से 10 मार्च 2024 तक पंजीयन की कार्यवाही होगी।

मंत्री श्री कंषाना ने बताया है कि भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी वर्ष 2023-24 (विपणन वर्ष 2024-25) में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन के लिये खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने विस्तृत निर्देश जारी कर दिये गये है। उन्होंने बताया है कि चना, मसूर एवं सरसों की फसलों के www.mpeuparjan.nic.in ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों भाइयों को पंजीयन कराना होगा। मंत्री श्री कंषाना ने बताया है कि पंजीयन की व्यवस्था, पंजीयन केन्द्रों के निर्धारण, पंजीयन केन्द्रों पर अन्य व्यवस्थाओं के लिये निर्देश दे दिये है।

कृषि मंत्री श्री कंषाना ने बताया है चने की फसल का पंजीयन प्रदेश के समस्त जिलों में होगा। मसूर की फसल का पंजीयन 37 जिलों में एवं सरसों की फसल का पंजीयन प्रदेश के 40 जिलों में होगा।

**इन जिलों में समर्थन मूल्य पर मसूर का पंजीयन**

मसूर का पंजीयन भिण्ड, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, सागर, टीकमगढ़, छतरपुर पन्ना, दमोह, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, मण्डला, डिण्डोरी जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाडा, सिवनी, कटनी, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, सिहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, उज्जैन, मंदसौर, आगर, शाजापुर, रतलाम, नीमच एवं धार में किया जायेगा।

**इन जिलों में समर्थन मूल्य पर सरसों का पंजीयन**

सरसों का पंजीयन भिण्ड, मुरैना, श्योपुर कला, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, सागर, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, सतना, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, जबलपुर, कटनी, डिण्डोरी, मण्डला, सिवनी, छिंदवाडा, बालाघाट, शाजापुर, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, नीमच, देवास, आगर, विदिशा, राजगढ़, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, एवं हरदा में किया जायेगा।

## सड़क हादसे में एक मौत

सिवनी यशोः-जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड घंसौर के अंतर्गत आने वाले ग्वारी ग्राम के समीप आज लगभग 11 बजे एक सड़क हादसा हो गया। जहां बस और बाइक में भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने पुलिस और 108 वाहन में दी।

जिसके बाद गंभीर घायल को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर में लाकर भर्ती कराया गया। जहां डॉ टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ।

युवक का नाम संत कुमार उइके पिता भाल सिंह उइके निवासी बांद्रा बताया जा रहा है। घंसौर थाना प्रभारी अनिल पटेल ने कहा कि बस और बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई है। फिलहाल जांच की जा रही है।

## मु यमंत्री संजीवनी िलनिक में जन आरोग्य समिति की मासिक बैठक संपन्न



सिवनी यशोः- दिनांक 12 फरवरी 2024 दिन सोमवार को जन आरोग्य समिति मु यमंत्री संजीवनी िलनिक बरघाट नाका सिवनी की मासिक बैठक का आयोजन समिति अध्यक्ष कु साक्षी डागोरिया पार्षद वार्ड न. 07 टैगोर वार्ड एवं मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर महोदय की उपस्थिति में आयोजित की गई।

उक्त बैठक में मु यमंत्री संजीवनी िलनिक हेतु आवश्यक मर मत कार्यो, बाहरी एवं अंदरूनी रंगा रौगन कार्य, एनण्सीण्डीण् जांच हेतु एल्युमिनियम से सन का निर्माण एवं संस्था के केचमेंट क्षेत्र में फैन्सिंग कार्यए गट्टू फिटिंग कार्य, खिड़की.दरवाजो की मर मत एवं पेंटिग, वर्क, संस्था हेतु ग्लो साईन बोर्डए आयरण बोर्ड, आदि किये जाने हेतु प्रस्ताव पारित कर यथा शीघ्र कार्य संपादित करने हेतु निर्देश प्राप्त हुये जिसे इस माह के अंत तक पूरा करने संबंधी अन्यत महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिला सहायक कार्यक्रम प्रबंधक सिवनी अर्बन श्री संजय मानेश्वरए समिति सचिव एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. हर्षित कोरी, समिति सह अध्यक्ष प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डॉ. पुरूषोत्तम डहेरिया शिक्षा विभाग से श्री सुबोध वाजल प्राचार्य शा.मा.शाला कबीर वार्ड सिवनीए कुण् नीति धाकड़े एनण्जीण्ओण् टीआईण् मेनेजर एच.आई.व्ही. सहित अन्य समस्त समिति सदस्यगणो की उपस्थिति में स मपन्न हुई।

# किड्स केयर पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव




सिवनी यशोः- उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज में स्थित किड्स केयर स्कूल में पिछले दिवस वार्षिकोत्सव मनाया गया जिसकी थीम *शिक्षा , संस्कार और अध्यात्म एवं विविधता में एकता* पर आधारित थी । *देश की आध्यत्म पर परा और संस्कृति की छात्रो द्वारा मंच पर की गई सुंदर अभिव्यक्ति* जिसमे वहाँ के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों द्वारा असम,कश्मीर पंजाब राजस्थान आदि की लोक संस्कृति का सुंदर मंचन किया गया इस कार्यक्रम का मु य केन्द्र सस्वर गीतापाठ , गणेश स्तुती सरास्वती वंदना ,महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र का पाठ रहा । छोटे बच्चो द्वारा बहुत ही मधुर स्वर में इनका गायन किया गया । संस्थाप्रमुख श्रीमति ममता बघेल द्वारा कार्यक्रम के आर भ में आए हुए अतिथियों का स्वागत उदबोधन हुआ।बच्चों के द्वारा फेंसी ड्रेस के माध्यम से रामायण के भिन्न भिन्न पात्रों को दर्शाया गया।विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती आनुभा बघेल द्वारा शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया , बताया की इस स्कूल की स्थापना सन् 2017 में 30 छात्रों से हुई थी जो कि बढ़कर आज लगभग 300 में पहुँच गई है।उन्होने बताया कि हमारे स्कुल में विभिन्न विषयों की भौतिक शिक्षा के साथ साथ नैतिक व्यवहार और अध्यात्म की भी शिक्षा दी जाती है जिसमे श्रीमद्भगवगीता को भी शामिल किया गयाहै। योकि आज के समय में बच्चे बड़े होकर थोड़ी सी भी असफलता के आने पर उसका सामना नही करते और गलत फैसला लेकर माता पिता को दुःखी कर देते हैं।हम चाहते हैं कि हमारे स्कूल से पढ़ कर निकलने वाले छात्र बौद्धिक रूप से तो विकसित हों ही साथ में वो शारीरिक और मानसिक रूप से भी मजबूत बने ताकि देश और समाज को उन्नति के शिखर पर पहुँचा सकें। कार्ये म के अंत स पूर्ण रामायण का गीत और अभिनय के बहुत ही सुन्दर मंचन किया गया और संस्था की कोआर्डिनेटर श्रीमती शशि बघेल द्वारा धन्यवाद भाषण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# पुस्तकालय के शोध संस्थान बनने से निकलेगे ऊर्जावान विद्यार्थी

## जननायकों ने भी दी टिप्स, गांव मे खुलेगा शोध संस्थान



सिवनी यशोः- नई तकनीकी के माध्यम से हम देश को विकास की धारा से जोड़ सकते है आज भारत कैरेंसी लेस एक ऐसा देश है जो पूरे विश्व के लिए मॉडल बना हुआ है पुस्तकालय भी डिजीटल होने से सूचना का आदान प्रदान करने में मदद मिलेगी, मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के बरघाट जैसे गांव में पुस्तकालय पर शोध के लिए चुना जाना अनेक दृष्टि से महत्वपूर्ण है इसके लिए यहां के प्राचार्य सीबी झारिया एवं प्रदीप त्रिवेदी साधुवाद के पात्र है, उक्त उद्गार पुस्तकालय के दो दिवसीय बरघाट महाविद्यालय के सेमीनार समापन पर भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष वैभव पवार ने व्यक्त किये।

इस अवसर पर वरिष्ठ अतिथि स्वामी नाथन ने कहा कि पुस्तकालय को इस शोध संस्थान प्रारंभ होने में महाकौशल क्षेत्र का विशेष योगदान रहेगा, संस्थान का निर्माण फर्नीचर से नही बल्कि भावना और ऊर्जा से होता है यहां की लगन मेहनत से यह कार्य हुआ है।

किसी भी विश्व विद्यालय महाविद्यालय में लायब्रेरी साइंस का महत्व रहा है बिना पुरानी जानकारी के हम आगे नहीं बढ़ सकते शोध संस्थान प्रारंभ होने के बाद इस महाविद्यालय से अनेक क्षेत्र में प्रतिभाए निखर कर सामने आयेगी। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र राहंगडाले, रीजनल डायरे टर इग्नू जबलपुर डॉ. एस. श्रीनिवास छिंदवाद विश्वविद्यालय के परीक्षा कट्रोलर डॉ. धनाराम उईके, बनारस से डॉ. राम कुमार दांगी सागर से संजीव सराफ, डॉ बीआर अ बेडकर विश्वविद्यालय से डॉ. के.के केशरवानी, फिरोजाबाद से डॉं मंगेश कुमारी, भोपाल से डॉ. राकेश खरे, सागर से मुकेश साहू, मंडला से डॉ. शालिगराम बघेल, सिवनी महा. से सीएल अहिरवार, सोहनलाल अहिरवार, राशिद खान, पंकज शेंडे, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से डॉ. एसपी त्रिपाठी, बालाघाट से डॉ. डीके नामदेव हरई से डॉ. प्रिया छावड़ा पंचमढ़ी से डॉ. दीपाली जैन बापू राव तथा बीएल इनवाती सहित डॉ. प्रदीप त्रिवेदी सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। सिवनी महा. प्राचार्य रविशंकर नाग, कन्या महा. प्राचार्य अमिता पटेल, कुरई से भुवन सिंह बघेल, छपारा से श्रीराम बेलवंशी, लखनादौन से जीएल तलवरे, केवलारी से एसएन डहेरिया का विशेष योगदान रहा।

## सिवनी में भाजपा के गांव चलो अभियान का प्रभावी संचालन



सिवनी यशोः-10 फरवरी , भा.ज.पा.राष्ट्रीय नेतृत्व की मंशा केअनुरूप ,प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में, जिला भाजपा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार, प्रत्येक मंडल में गांव चलो अभियान उत्साह पूर्वक जारी है

इसी कड़ी में ,सिवनी नगर उत्तर मंडल के *वार्ड क्रमांक 5 सी.वी .रमन वार्ड* में भाजपा के दायित्वान पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आज बूथ क्रमांक -223 ,224 , 225,230 एवं 231 में, दिन भर सघन अभियान संचालित किया। इस अभियान के अंतर्गत उक्त बूथों में -लाभार्थी समूह बैठक ,चाय पर चर्चा ,दीवार लेखन ,करते हुए, केंद्र सरकार की जनहितैषी योजना कार्यक्रम एवं उपलब्धियां का व्यापक प्रचार -प्रसार किया गया । गांव चलो अभियान के *विभिन्न कार्यक्रमों में फोटो चित्र तथा वीडियो िलपिंग में दृष्टतव्य* जिला भाजपा महामंत्री अजय डगोरिया, जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं पार्षद दल के नेता ज्ञानचंद सनो डिया ,भाजपा कार्यालय प्रभारी एवं बूथ प्रवासी पं.ओमप्रकाश तिवारी ,उत्तर मंडल अध्यक्ष संजय पप्पू सोनी, मंडल महामंत्री अनूप मिश्रा ,प्रवासी कार्यकर्ता पं.निरंजन मिश्रा, बूथ प्रवासी तरुण करोसिया, वार्ड संयोजक गण -रामेश्वर नामदेव ,राजेंद्र यादव, के साथ वीरेंद्र सिंघम, राजेश पाल, राज नाविक, राहुल सैनी, जितेंद्र मिश्रा, तथा अन्य सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। वार्ड के निवासी मतदाता भाई +बहनों ने केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति प्रसन्नता और संतोष व्यक्त करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं के माध्यम से *माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति अटूट विश्वास व्यक्त किया है*

# सूचना तकनीक के प्रयोग ने पुस्तकालय सेवाओं को पूर्णतः परिवर्तित किया- कुलगुरू डॉ. लीला भलावी

बरघाट यशोः- शासकीय महाविद्यालय बरघाट में दिनांक 10 एवं 11 फरवरी को पुस्तकालय सेवाओं के नवीनतम आयामः संभावनायें एवं चुनौतियों विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में राजा शंकर शाह वि.वि. छिंदवाड़ा की कुलगुरू डॉ. लीला भलावी ने अपनु उद्बोधन में कहा कि मानवीय स यता के विकसित होने के साथ-साथ पुस्तकालयों का प्रादुर्भाव हुआ है। सूचना तकनीक के प्रयोग से पुस्तकालय सेवाओं में पूण्र परिवर्तन हो गया है, तथा अब इंटरनेट आधारित पुस्तकालय सेवाओं को प्रादुर्भाव से आम लोगों तक सूचना की पहुँच सुगमता से होने लगी है। उद्घाटन सत्र के विषिष्ट अतिथि रहे शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस.नाग ने भारतीय साहित्य तथा पाष्चात्य साहित्य की विशेषताओं का वर्णन किया तथा कहा कि पुरातन काल से ही पुस्तकालय विष्व की स यता और संस्कृति के धरोहर रहे हैं।

जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र राहंगडाले ने बताया कि महाविद्यालय का चहुमुखी विकास ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सी.बी.झारिया ने संगोष्ठी के उद्देष्य पर प्रकाश डाला।

बी.एच.यू. से पधारे विषय विशेषज्ञ डॉ. विवेकानंद जैन ने पुस्तकालय सेवाओं में प्रयोग होने वाली नई तकनीकों जैसे आरएफआईडी, आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस, सोशल मीडिया के प्रभाव पर अपना व्या यान दिया।

डॉ. हरिसिंह गौर केन्द्रीय वि.वि. सागर से पधारे विषय विशेषज्ञ डॉ. संजीव सराफ ने भी पाठकों की आवश्यकता के अनुरूप पुस्तकालय सेवाओं को प्रदान करने की बात की।

राजा शंकर शाह वि.वि. छिंदवाड़ा से अतिथि के रूप में पधारे डॉ. राजेन्द्र मिश्र ने आपने व्या यान में पुस्तकालय विज्ञान में नवीनतम आयम पर अपने विचार रखे तथा उन्होंने शासकीय महाविद्यालय बरघाट में पुस्तकालय विज्ञान का शोध केन्द्र स्थापित होने पर अपनी बधाई प्रेषित की।

इस दो दिवसीय संगोष्ठी के विभिन्न तकनीकी सत्रों में व्या यान हेतु विषय विशेषज्ञ के रूप में आगरा वि.वि. से डॉ. के.के.केषनवानी, सागर वि.वि. से डॉ. मुकेष साहू, आरएनटीयू भोपाल से डॉ. रोष खरे, एलएनसीटी भोपाल से डॉ. मनोज मेहर, गांधी मेडीकल कालेज भोपाल से डॉ. मुकुंद, अटल बिहारी बाजपेयी हिन्दी वि.वि. से डॉ. सुधीर गुप्ता, रानी दुर्गावती वि.वि. जबलपुर से डॉ. सत्यप्रकाश त्रिपाठी, डॉ. बीना हल्दकार, कृषि वि.वि. से दीपक नामदेव एवं प्रदेष के विभिन्न महाविद्यालयों में पदस्थ लायब्रेरियन एवं शोद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के समापन सत्र में मु य अतिथि के रूप में पधारे भाजयुमो के प्रदेष अध्यक्ष श्री वैभव पवार ने युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना ही भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना है तथा पुस्तकालय नवीनतम सूचना सेवायें प्रदान करके इस संकल्पना को पूरा कर सकते हैं।

समापन सत्र की अध्यक्षता राजा शंकर शाह वि.वि. छिंदवाड़ा से उपस्थित डॉ. धनाराम उइके ने शोध को आगे बढ़ाने की बात कही।

समापन सत्र में विषिष्ट अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त वि.वि. नई दिल्ली के क्षेत्रीय निदेषक डॉ. एस. श्रीनिवासन, सहायक क्षेत्रीय निदेषक डॉ. हरीश केवट, नगर परिषद् अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू, जनभागीदारी समिति सदस्य श्री अनिल पाठक, श्री रामकिशोर पटले, श्री गौरव राहंगडाले, श्री सुजीत सूर्यवंशी, सांसद प्रतिनिधि श्री सत्यांश भट्ट, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री राजेन्द्र ठाकुर, पीजी कालेज सिवनी के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. डी.पी. नामदेव सहित जिले के विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमीता पटेल, डॉ. एस.आर. बेलवंषी, डॉ. एस.एन. डेहरिया, डॉ. जी.एल. तलवरे, डॉ. बी.एस. बघेल, संगोष्ठी की सफलता के लिए महाविद्यालय वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बी.एल. इनवाती ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। विभिन्न महाविद्यालय से पधारे प्राध्यापक डॉ. सविता मसीह, डॉ. एम.सी. सनोड़िया, डॉ. मुन्नालाल चौधरी, सी.एल. अहिरवार, श्रीमती सीमा भास्कर, डॉ. एस.आर. बघेल, प्रिया छाबड़ा, डॉ. आषुतोष गौर, पंकज गहरवार, के.सी. राउर, पंकज शेण्डे आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. हरिहर सोलंकी, प्रो. व्ही.व्ही.एस. मूर्ति, डॉ. जितेन्द्र बराड़े, श्रीमती शबनम खान, डॉ. आरती तिवारी, डॉ. सायमा सरदेशमुख, जय टेभरे, श्री दुर्गेश बोपचे, कु. राजेष्वरी ठाकुर, कु. चाइना उके, श्री सौरव ठाकुर, श्री शैलेन्द्र मोतीचूर, श्री इन्द्रकुमार हनवते, श्री जितेन्द्र अहिरवार, श्री मानेश्वर बिसेन, श्री नेतनलाल राने, श्री श्रवण ठाकुर का योगदान रहा।

## गुरुकुल से दिशा एवं वैभव ने 67वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया

**दिशा जायसवाल ने जीता पदक और वैभव श्रीवास ने किया मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व,**

बरघाट यशोः- ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के अनुसांगिक शैक्षणिक संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत दिशा जायसवाल ने खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय द्वारा झारखंड रांची में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में दिशा ने बुशू बॉ सं‍ग में 70 किलोग्राम भार में ज मूकाश्मीर एवं अन्य राज्यों से प्रतिस्पर्धा कर कांस्य पदक जीतकर मध्यप्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व किया। वैभव श्रीवास ने इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के 67वें संस्करण में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए टेबल टेनिस में अपना स्थान बनाया।

संस्था प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत एवं प्राचार्य ज्योति सिंह राजपूत ने बच्चों, पालकों एवं उनके प्रशिक्षकों को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि गुरुकुल पब्लिक स्कूल सभी खेल प्रतिभाओं का स मान करता है एवं बच्चों की खेल जगत में उन्नति हेतु प्रेरित किया। संस्था के खेल अधिकारी निशाद खान, सह प्राचार्य नितेश गौतम एवं सभी शिक्षकों ने बच्चों को अग्रिम सफलता हेतु शुभकामना प्रेषित की।

## अज्ञात वाहन से टक्कर बाईक सवार एक मौत

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के लखनवाड़ा थाना क्षेत्र में सोमवार को अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना एनएच 44 पर दोपहर को हुआ जिसमें पीछे बैठे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक गंभीर घायल हो गया। जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लखनवाड़ा थाना प्रभारी सीके सिरामे ने बताया कि सिंगरौली से नागपुर जा रहे युवकों की बाइक (एमपी66जेडबी9027) को एनएच 44 पर नंदोरा पार्किंग के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसें में बाइक पर पीछे बैठे करसुआ गांव निवासी सोनू पिता लाल प्रसाद जायसवाल (22) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक इंद्र विजय सिंह जवाहरलाल (28) घायल हो गया।

स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है, पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

## कोहरे की चपेट में शहर

छपारा यशोः-मौसम के बिगड़े मिजाज को चलते नगर में बारिश भी हुई और आज सुबह से ही कोहरे ने कोहराम मचा रखा है सुब्ह के 9 बजे तक कोहरे ने शहर में अपने पैर पसारे हुए है लोग लाइट जलाकर गाड़ी चलाने मजबूर है इतना तेज कोहरा की आमने सामने के लोग नजर नही आ रहे है।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन

सिवनी यशोः- सिवनी दिनांक 09.02.2024 जिला पंचायत सिवनी की सामान्य सभा की बैठक दिनांक 13.02.2024 दिन मंगलवार को दोपहर 02:00 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारी एजेंण्डा अनुसार जानकारी सहित उपस्थित रहेगें।

## जिला स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम संपन्न

मंडला यशोः- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत जिला स्तरीय युवा संवाद का कृषि विज्ञान केन्द्र तिंदनी के सभागार में आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय सलाहकार हेमलता सिंह ने अलग-अलग विकासखण्डों से आये लाभार्थी एवं युवा बेरोजगारों को योजनान्तर्गत उत्पादित उत्पादों के मार्केटिंग एवं ब्रांडिग हेतु विंध्यबैली व जेम पोर्टल के बारे में अवगत कराया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के.वी. सहारे ने उद्यानिकी फसलों के प्राथमिक एवं द्वितीयक प्रसंस्करण पर प्रकाश डाला।

# देश का स्पोर्टस हब बनता मध्यप्रदेश

भोपाल । मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय स्पोर्टस मैप में महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। राज्य सरकार के गंभीर प्रयासों, खेल अधोसंरचनाओं में निरंतर विस्तार, प्रशिक्षण के स्तर में गुणवत्तापूर्ण सुधार और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन देने के उत्कृष्ट परिणाम हासिल हुए हैं। खेल अकादमियों का संचालन, खेल पुरस्कार, खेलों के लिये विशेष छात्रवृत्ति, पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार और खेल संघों को खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से मध्यप्रदेश देश का स्पोर्टस हब बन गया है।

खेल अकादमियों का संचालन योजना अंतर्गत विभाग द्वारा 18 खेलों की 11 अकादमियाँ संचालित की जा रही है। खेल अकादमियों एवं फीडर सेन्टर्स में 996 खिलाड़ियों को बोर्डिंग एवं डे-बोर्डिंग योजना अंतर्गत प्रवेश प्रदान कर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जा रही है।

भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के 3 खिलाड़ियों यथा शूटिंग खिलाडी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, हॉकी खिलाड़ी सुशीला चानू, केनोइंग-`याकिंग की पैरा खिलाड़ी प्राची यादव को अर्जुन अवॉर्ड एवं हॉकी ऑलिपियन के प्रशिक्षक श्री शिवेन्द्र सिंह को द्रोणाचार्य अवार्ड-2023 से स मानित किया गया। मध्यप्रदेश राज्य को 23 साल बाद यह अवसर मिला है, जब मध्यप्रदेश के एक साथ 3 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड एवं एक प्रशिक्षक को द्रोणाचार्य अवॉर्ड से स मानित किया गया। गोवा में आयोजित 37वीं राष्ट्रीय खेल में मध्यप्रदेश के 416 खिलाडियों द्वारा 37 खेलों में प्रतिभागिता कर 112 पदक (37-स्वर्ण, 36-रजत, 39-कॉस्य) प्राप्त कर पदक तालिका में चौथा स्थान प्राप्त किया। यह हमारे खिलाड़ियों का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।

**खेलो एम.पी यूथ गे स**

खेलों इण्डिया यूथ गे स-2022 की तर्ज पर मध्यप्रदेश राज्य में खेलो एम.पी यूथ गे स-2023 का आयोजन मध्यप्रदेश के सभी जिलो में किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश के 1,20,105 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया। यह आयोजन निरंतर प्रतिवर्ष किया जायेगा। भोपाल को स्पोर्ट्स हब तथा मध्यप्रदेश में स्पोर्ट्स टूरिज्म को बढ़ाने के लिये नाथू बरखेडा स्पोर्ट्स साईस सेन्टर की स्थापना की जा रही है। प्रथम चरण में एथलेटि स सिंथेटिक ट्रेक मय फुटबॉल स्टेडियम एवं हॉकी सिंथेटिक टर्फ मय पवेलियन द्वितीय चरण में ÷इंडोर स्पोर्ट्स कॉ पले स÷ का निर्माण तथा तृतीय चरण में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित है। इसके लिये विभाग द्वारा 985 करोड़ 76 लाख रुपये का व्यय किया जायेगा।

**खेल अधोसंरचना का विस्तार**

अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर की खेल अधोसंरचना निर्माण में मध्यप्रदेश राज्य अग्रणी राज्य की श्रेणी में है। मध्यप्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के 18 हॉकी टर्फ निर्मित है तथा 3 हॉकी टर्फ निर्माणाधीन है। इसी प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के 10 एथलेटि स सिंथेटिक निर्मित है। विभाग के स्वामित्व के 107 स्टेडियम/खेल प्रशिक्षण केन्द्र निर्मित है तथा 56 निर्माणाधीन है।

37 वर्षो के बाद टो यो ओलपिक-2020 में मध्यप्रदेश के खेल अकादमियों के खिलाडियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 10 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभागिता की गई एवं पुरूष हॉकी में एक कांस्य पदक प्राप्त किया गया। आगामी ओलपिक, फ्रांस (पेरिस) गे स-2024 में अकादमी के खिलाड़ी अधिक सं या में प्रतिनिधित्व कर सकें, इसके लिये खिलाड़ियों को आधुनिक उच्च प्रशिक्षण के लिये विदेशी प्रशिक्षक से विदेश में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जायेगा तथा विदेशी प्रशिक्षक को भी आमंत्रित किया जायेगा।

माँ तुझे प्रणाम योजना अंतर्गत माह जून-2023 में मध्यप्रदेश के 909 युवाओं को तनोत माता का मंदिर (राजस्थान), वाघा-हुसैनीवाला (अमृतसर पंजाब), कन्याकुमारी (तमिलनाडु) की अनुभव यात्रा कराई गई। योजना अंतर्गत प्रतिवर्ष 3,000 युवाओं को भ्रमण यात्रा पर भेजने का लक्ष्य रखा गया है। मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी भोपाल में विश्व कप (राइफल/पिस्टल), एशियाई शूटगन शूटिंग चैंपियनशिप और विश्व जूनियर एथलेटि स चैंपियनशिप का आयोजन आगामी माहों में किया जाना प्रस्तावित हैं।

**वन डिस्ट्रि ट-वन स्पोर्ट्स कॉ पले स**

मध्यप्रदेश में वन डिस्ट्रि ट-वन स्पोर्ट्स कॉ पले स योजना शुरू करेंगे। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में एक स्पोर्ट्स कॉ पले स का निर्माण किया जायेगा। ब्रेकडांस अकादमी की स्थापना की जा रही है। ई-स्पोर्ट्स अकादमी एवं जिला उज्जैन में मलखब एवं जि नास्टिक अकादमी की स्थापना की जाना प्रस्तावित है। मध्यप्रदेश में खेल अधोसंरचना का निर्माण, जन निजी भागीदारी योजना से किया जाना प्रस्तावित है। मध्यप्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों का खेल अकादमियों में चयन हो सके, इसके लिये प्रत्येक खेल अकादमी के न्यूनतम 5 फीडर सेंटर स्थापित किये जायेंगे। माह अे टूबर, 2024 में आयोजित नेशनल गे स, उत्तराखण्ड-2024 में मध्यप्रदेश से अधिकाधिक खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभागिता कर पदक अर्जित करने के प्रयास किये जायेंगे।

ओलपिक गे स-2024 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों की अधिकाधिक प्रतिभागिता का प्रयास किया जायेगा। पुलिस विभाग में प्रतिवर्ष उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सब इंसपे टर के 10 पद एवं कान्सटेबल के 50 पद पर नियुक्ति की जायेगी।

वन डिस्ट्रि ट-वन स्पोर्ट्स कॉ पले स योजना अंतर्गत भविष्य की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए खेल अधोसंरचना को 4 श्रेणी राजभोगी शहर, संभागीय मु यालय, बड़े जिला मु यालय, छोटे जिला मु यालय में स्पोर्ट्स कॉ पले स स्थापित करने की कार्य-योजना तैयार की जायेगी। खेल संघों की खेल प्रतियोगिताओं एवं पंजीकृत खिलाड़ियों की जानकारी ऑनलाइन की जायेगी।

**मु यमंत्री डॉ. यादव ने अनिल वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की**

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीहोर जिले के इछावर के ग्राम लसूडिया परिहार निवासी सूबेदार श्री अनिल वर्मा के लेह क्षेत्र में मां भारती की सेवा में प्राण न्यौछावर करने पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को सोपा ज्ञापन

छपारा यशोः- राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला सिवनी की ब्लॉक




इकाई छपारा ने 12 फरवरी को महामहिम राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार छपारा को ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में बताया गया कि संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 13 फरवरी मंगलवार से अपनी मांगों को लेकर देश की राजधानी दिल्ली में अनिश्चितकालीन हड़ताल हेतु आंदोलन में शामिल होने को लेकर दिल्ली के लिए कूच कर रहे हैं। वही किसानो की मांग है कि 10 धन 50 के आधार पर लाभकारी मूल्य किसानों को मिले, साथ ही एम?एसपी की गारंटी कानून 2020 सहित,दिल्ली आंदोलन में शहीद हुए किसानों को मुआवजा एवं किसानों को आंदोलन के दौरान मुआवजा एवं आंदोलन के दौरान किसानों पर लगे मुकदमे को वापस लिए जाएं इन सभी मांगों को लेकर किसान दिल्ली जा रहे हैं, महामहिम राष्ट्रपति से किसानों ने निवेदन किया है कि हम सभी देश के किसानों मांगे पूरी करें। तहसील कार्यालय में इन किसानो द्वारा ज्ञापन दिया गया जिसमे निवारी लाल डेहरिया सालीवाडा,खूबचंद भलावी,परसराम भलावी, सुभान सिंह,गणेश सिंह,कन्हैयालाल उईके, सुंदर यादव,रामभरोस बरकड़े,सोमनाथ भलावी जगराम उईके, सदम सिंह बरकड़े, अवध लाल मरकाम, साथ ही बड़ी सं या में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के किसान उपस्थित रहे ।

## न्यायालय तहसीलदार बरघाट, जिला सिवनी
### - ईश्तहार-

रा.प्र.क./0185/अ-6 अ/2023-24 ग्राम - उमरवाड़ा प.ह.नं.-34 तहसील-बरघाट

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि इस न्यायालय में आवेदिका भेहतो बाई पति ब्रजलाल जाति गाँड निवासी ग्राम उमरवाड़ा तहसील बरघाट जिला सिवनी के द्वारा ग्राम उमरवाड़ा प0ह0नं0 34 रा.नि.म. व तहसील बरघाट स्थित भूमि खसरा नं0 264 रकबा 0.55 हे. भूमि पर त्रुटिवश अनावेदिका रन्तीबाई पति तुलाराम जाति गाँड निवासी ग्राम उमरवाड़ा तहसील बरघाट का नाम दर्ज हो जाने से अनावेदिका का नाम विलोपित कर आवेदिका का नाम पूर्ववत दर्ज कर अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु रा.प्र.क./2428/अ-6/2023-24 प्रचलित हैं।

उक्त संबंध प्रश्नाधीन भूमि पर अनावेदिका का नाम विलोपित कर आवेदिका का नाम दर्ज कर अभिलेख दुरूस्त किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालयीन कार्यदिवस में दिनांक 16/02/2024 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत करेगें। उपरोक्त समयावधि उपरान्त प्राप्त दावा / आपत्तियां स्वीकार नहीं की जावेगी ।

आज दिनांक 07/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार बरघाट,**
**जिला-सिवनी**

## रुपे व डेबिट कार्ड का करें वितरण: सीईओ

बालाघाट। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट अंतर्गत आने वाली 19 शाखाओं के शाखा प्रबंधको और अधीनस्थ कर्मचारी रुपे एवं डेबिट कार्ड का वितरण शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करे। उक्ताशय के निर्देश डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा कले टर एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में आयोजित वीसी के माध्यम से आर.सी. पटले सीईओ जेएसके बैंक बालाघाट द्वारा 12 फरवरी को दिया गया। इस दौरान श्री पटले ने निर्देशित किया कि शाखा एवं समिति स्तर पर ओव्हरड्यू सदस्यों को प्रतिदिन मैसेज करें साथ ही डिमांड व नोटिस का वितरण कर इस आशय का प्रमाण पत्र 20 फरवरी तक बैंक मु यालय में प्रस्तुत करे। इस अवसर पर राकेश असाटी विपणन अधिकारी, राजेश नागपुरे फिल्ड अधिकारी, श्रीमती सीमा दुबे लेखा कक्ष, रौनक चौकसे, राजनंदनी परिहार उपस्थित रहे।

श्री पटले ने नगदी कैश वितरण, कालातीत ऋणी,ब्याज माफी,बड़े बकायादार की सूची तैयार करे साथ ही आगामी 9 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत हेतु नियमानुसार प्रकरण बनाकर प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा श्री पटले ने लिकिंग से वसूली, ऋण वितरण, केसीसी आईएसएस पोर्टल, पै स क प्यूटराईजेशन और मध्यमकालीन

## कतर से पूर्व नौसेना अधिकारियों की रिहाई मोदी सरकार के सक्षम नेतृत्व की देन -रामकिशोर नानो कावरे

बालाघाट। पूर्व मंत्री एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर नानो कावरे ने कतर जेल मे बंद 8 पूर्व नौसेना अधिकारियों की रिहाई को मोदी सरकार के सक्षम नेतृत्व की देन करार दिया। श्री कावरे ने कहा की यह भारत के लिए एक बड़ी जीत है। हमारी विदेश नीति प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सक्षम हाथों में है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने फिर असंभव को संभव कर दिखाया है। श्री कावेरी ने देशवासियों को रिहाई पर बधाईया प्रेषित की है।



कतर की अदालत ने भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मचारियों को पिछले साल 27 अक्तूबर को मौत की सजा सुनाई थी। इस फैसले से भारत बेहद हैरान था। सभी पूर्व अधिकारियों ने भारतीय नौसेना में 20 वर्षो तक अपनी शानदार सेवा दी है। इन लोगों ने प्रशिक्षकों सहित महत्वपूर्ण पदों पर काम किया था। भारत की डिप्लोमैटिक बातचीत के बाद इनकी सजा कम कर दी गई थी। अब इस मामले में भारत को बड़ी कामयाबी मिली है। आज उन्हें स मान के साथ रिहा कर दिया है। सभी भारत लौट चुके हैं।इससे पहले भारत के हस्तक्षेप के बाद मृत्युदंड को एक लंबी जेल की अवधि में बदल दिया गया था।पीएम मोदी ने दुबई में छ्ब्क़28 शिखर स मेलन के दौरान कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात की और द्विपक्षीय साझेदारी और कतर में रहने वाले भारतीय समुदाय की भलाई की चर्चा की गई थी।

## स्वामित्व योजना के तहत वितरित किए गए भू-अधिकार अभिलेख

मंडला यशोः- स्वामित्व योजना के तहत जिले के सभी तहसीलों तथा ग्राम पंचायतों में जनजातीय स मलेन आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत जनजातीय समुदाय के परिवारों को भू-अधिकार अभिलेखों का वितरण भी किया गया। इस दौरान झाबुआ के गोपालपुरा में प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी के मु य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। मण्डला तहसील के अंतर्गत 165 हितग्राहियों को भूमिस्वामी अधिकार अभिलेख का वितरण




जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। साथ ही जिले के सभी तहसीलों में हितग्राहियों को भूमिस्वामी अधिकार अभिलेख का वितरण भी किया गया है। हितग्राहियों को स्वामित्व योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष सोनू भलावी, नगरपालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, सांसद प्रतिनिधि सुधीर द्विवेदी, समाज सेवी विनय मिश्रा, एसडीएम सोनल सिडाम सहित बडी सं या में हितग्राही उपस्थित रहे।

## फसलों को हुई क्षति का समय-सीमा में आंकलन करें अधिकारी- डॉ. सिडाना

मंडला यशोः- जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 10 एवं 11 फरवरी की दरयानी रात को तेज बौछारो के साथ ओलावृष्टि हुई है, जिससे दलहनी एवं अन्य फसलो को नुकसान की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से ग्रामवार संयुक्त जांच दल गठित किए गए है। कले टर डॉ.सलोनी सिडाना द्वारा इसके लिए तहसीलदारों को संबंधित तहसील के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



कले टर ने निर्देशित किया है कि ओला प्रभावित ग्रामों में क्षति आकलन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा), एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी के नेतृत्व में राजस्व विभाग से पटवारी, कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व ग्राम पंचायत सचिव का ग्रामवार संयुक्त जांच दल ओला प्रभावित क्षेत्रों में जाकर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विस्तृत सर्वे करें। आर.बी.सी. 6-4 अनुसार मौका जांच कराकर नेत्राकंन के आधार पर क्षति का आंकलन कर समय सीमा में सर्वे प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

# योग-ध्यान-प्राणायाम व सुदर्शन क्रिया की सीखेंगे कला आर्ट ऑफ लिविंग का 20 फरवरी से हैप्पीनेस योग शिविर

बालाघाट। पद्म विभूषण मानवतावादी गुरूदेव श्री श्री रविशंकर द्वारा स्थापित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग बालाघाट केंद्र द्वारा छः दिवसीय हैप्पीनेस योग शिविर(आनन्द अनुभूति कार्यक्रम) का आयोजन स्थानीय श्री श्री सत्संग हॉल के सभाग्रह में 20 से 25 फरवरी तक सुबह 06ः00 से 09ः00 बजे रविवार तक आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रशिक्षक सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि श्री श्री के अनुसार हिंसा मुक्त समाज, रोग मुक्त शरीर, संभ्रान्ति मुक्त मन, शंका रहित बुद्धि, सदमा रहित स्मरण शक्ति, शारिरीक क्षमतायुक्त शरीर और एक दुःख रहित आत्मा प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। इसी उद्देश्य के साथ शिविर के माध्यम से सांसारिक व अध्यात्मिक ज्ञान एवं



योग, ध्यान, प्राणायाम के साथ विश्ववि यात सुदर्शन क्रिया की प्रक्रियाओं को मनोरंजक क्रियाओं एवं आपसी संवाद के जरिये सिखाया जाता है ।जिससे स्वस्थ शरीर तनाव एवं नकारात्मक विचारों से मुक्ति, अधिक आत्मविश्वास, एकाग्रता, निर्णय लेने की क्षमता,खुशहाल जीवन और मन की शांति के साथ ही दैनिक जीवन उपयोगी सरल ज्ञान और प्रक्रियाओं के माध्यम से तनाव मुक्त होते हुए जीवन में खुशी और सफलता के सूत्र भी सिखाये जायेंगे। इस शिविर में 16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोग शिविर में शामिल हो सकते है।

**प्राणायाम, ध्यान, आसन, योग एवं सुदर्शन क्रिया लाभकारी**

आगे जानकारी देते हुए बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा आमजनों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिए इस शिविर के अंतर्गत प्राणायाम, ध्यान, आसन एवं योग के साथ- साथ विश्ववि यात ÷सुदर्शन क्रिया÷ सिखाई जाती है जिससे अनेक लाभ होते हैं। जो कि हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ्य रखने में सहायक होती है। हैप्पीनेस प्रोग्राम आनन्द अनुभूती 6 दिवसीय योग शिविर में योग-ध्यान कार्यशाला को प्रशिक्षकों द्वारा करवाया जायेगा। जीवन का गूढतम रहस्य हमारी साँसों में छिपा होता है।यह शिविर श्वास प्रक्रिया द्वारा शरीर व मन को लयबद्ध करता है ।जिसका मु य उद्देश्य आम लोगों को अच्छा स्वस्थ्य एवं खुशी प्रदान करना है। व्यक्ति सुख, शांति, आनंद एवं स्वतंत्रता का अनुभव सहजता से कर सके यह ही शिविर का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि योग हमारी हजारों वर्ष पुरानी सांस्कृतिक धरोहर एवं परंपरा है। गुरूदेव श्री श्री कहते हैं हम अपने जीवन में जो कोई भी कार्य करते हैं वह खुशी की तलाश में ही किया जाता है। खुशी की चाबी आपके हाथ में ही है। इसीलिये सांस के रहस्य को जाने। आपकी श्वांस द्वारा ही जीवन में मुस्कान को लाना इतना ही आसान है। आप किसी भी आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक से पूछेंगे कि एक स्थिर मुस्कान को कैसे प्राप्त किया जा सकता है तो आपको एक बहुत आसान परंतु गहन ज्ञान मिलेगा। आपने कभी इस बात पर ध्यान दिया है कि हमारे सांस लेने की प्रक्रिया हमारी भावनाओं के साथ बदलती है? जब भी आपको क्रोध आता है, आपकी सांस कीं या गति होती है? आप छोटी एवं तेज गति से सांस लेते है। जब आप आराम व सुखमयी स्थिति में होते हैं, तब कैसे सांस लेते हैं? तब आप लंबी एवं गहरी सांस लेते हैं। इससे यही तात्पर्य निकाला जा सकता है कि हमारी श्वास हमारी भावनाओं के साथ जुड़ी हुई है। ऐसा संभव है कि हमारे भीतर की नकारात्मक भावनाओं को सांस द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। हैप्पीनेस कोर्स का लक्ष्य है कि आप अपने जीवन में खुशी को इस प्रकार महसूस करें जैसे आपने पहले कभी नही किया। योग, बीमारी ही नहीं योग से दैनिक दिनचर्या में आने वाले तनाव से मुक्ति और सजगता का विकास पूर्ण रूप से वर्तमान में जीना सीखता है, वहीं हमारी शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। भारत मे लगभग 10 त्न से अधिक लोग नींद की बीमारी से जूझ रहे हैं। और नींद की गोलियों के अपने दुष्प्रभाव हैं। सीखिए सुदर्शन क्रिया और केवल अपनी साँस की विशेष तकनीक से पाइये अच्छी गहरी नींद और साथ ही स्वस्थ शरीर तथा तनावरहित मन। प्राणायाम, ध्यान, आसन,योग एवं सुदर्शन क्रिया से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहता है।

**वैश्विक स्तर पर हुए अनेक शोध परिणामों में पाए गए सुदर्शन क्रिया के लाभ**

वैश्विक स्तर पर हुए अनेक शोध परिणामों में पाए गए सुदर्शन क्रिया के कई लाभ बताये गये है। जिसमें तनाव के समय उत्सर्जित होने वाला हार्मोन कम होता है, खून में लैकटेट का स्तर कम होता है। हानिकारक कोलेस्ट्रॉल कम होता है और लाभकारी कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। मस्तिष्क को तनाव रहित करने वाला हार्मोन बढ़ता है। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।तनाव रहित शांत मन,स्वस्थ शरीर एवं भरपूर स्फूर्ति, जीवन में आनंद एवं उत्साह, आत्मिक खोज एवं आध्यात्मिक उन्नति, चिंताओं उत्तेजनाओं एवं अवसाद से मुक्ति बेहतर भावनात्मक एवं मानवीय संबंध, बेहतर शरीरिक क्षमता, बेहतर एकाग्रता, क्रोध पर नियंत्रण जैसे लाभ होते हैं।

**शिविर का लाभ उठाने स्वयंसेवको ने की अपील**

आगामी 20 फरवरी से आयोजित होने वाले हैप्पीनेस योग शिविर का लाभ उठाने की अपील नगर के नागरिकों से आर्ट ऑफ लिविंग स्वयंसेवक विकास सोनेकर, श्रीमती सुशीला बोरीकर, ऋतु मोहारे,रमेश रंगलानी,सुरजीत सिंह ठाकुर, ज्ञान नैनवानी,जितेन्द्र मोहारे, कुमुद राहंगडाले,मौसम हरिनखेरे,डॉ.हेमन्त राहंगडाले,डॉ.सुनीता राहंगडाले,भूपेन्द्र टेंभरे, अनिल वाधवानी,गीता रंगलानी,प्रकाश साहू,करण बिसेन,विक्की पालेवार,तिबलश माखीजा सहित अन्य लोगों ने की है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी, 9425843297